वनमहोत्सव

'हरियाली और खुशहाली' का संन्देश देते हुए सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल में इको क्लब द्वारा वन– महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड के छात्र–छात्रओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। छात्रों ने पेड लगाने और उनसे होने वाले लाभ के विषय में बताया । एक कविता के द्वारा हरियाली के सन्देश को जन – जन तक पहुँचाने की प्रार्थना की। स्काउट एण्ड गाइड के छात्रों और शिक्षिकों ने प्राचार्य के द्वारा पौधा रोपण करवाया । सिस्टर एनलिट, सिस्टर कृपा, सिस्टर निकिता एवं ज्योति मैडम ने भी पौधा लगाकर हरियाली का सन्देश दिया। अंत में शाला –प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने छात्रों को वृक्षारोपण एवं हरियाली का महत्व समझाया । सभी उपस्थित छात्रों ने तालियों के द्वारा कार्यक्रम की सराहना की।